# जिमी मिस्त्री और डेला टाउनशिप्स ने रायपुर में घुड़सवारी थीम पर आधारित लक्जरी टाउनशिप का शुभारंभ किया



रायपुर, 21 अगस्त (एजेंसी)। डेला टाउनशिप्स के संस्थापक जिमी मिस्त्री ने आज रायपुर में छत्तीसगढ़ की पहली घुड़सवारी-थीम पर आधारित एकीकृत लक्ज़री टाउनशिप डेला रेसकोर्स के शुभारंभ की घोषणा की। इस ऐतिहासिक अवसर पर उनके साथ साझेदार आरडीबी ग्रुप के विनोद दुग्गर, नाहर ग्रुप के सुखराज नाहर, अनेकांत ग्रुप के धर्मेंद्र केआर जैन और आरकेसीएएक्सटी के धीरज राठी मौजूद थे। यह टाउनशिप 50 एकड़ में फैली है और इसमें लक्ज़री आवास, अंतरराष्ट्रीय स्तर के रेसकोर्स व पोलो सुविधाओं के साथ-साथ एक अनोखा आतिथ्य-संचालित रियल एस्टेट मॉडल शामिल है। इसे डेला के स्वामित्व वाले सीडीडीएमओइ मॉडल (कांसेप्ट ,डिसाईन , डेवलपमेंट ,मार्केटिंग ,सेल्स ,ऑपरेशन) के तहत विकसित किया जा रहा है। इस घुड़सवारी-आधारित टाउनशिप का केंद्र 8 एकड़ का रेसकोर्स और इंटरनेशनल पोलो क्लब है। पोलो मैचों, घुड़सवारी ड्रेसेज और लाइफस्टाइल मनोरंजन के लिए डिज़ाइन किया गया यह स्थल विश्वस्तरीय कार्यक्रमों और सामाजिक आयोजनों की मेजबानी करेगा।